University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

# University in News on 28 September 2021

UNIVERSITY OF LUCKNOW

## PIONEER PAGE 3

### बीएड: आवंटन लेटर डाउनलोड नहीं किया तो आवंटन हो सकता है निरस्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीएड** कक्षाओं में दाखिले को लेकर चल रही ऑनलाइन काउंसिलिंग में सीट आवंटन के पश्चात जिन महाविद्यालयों की आवंटन राशि 5 हजार से कम है, उन कालेजों के आवंटित स्टूडेंट्स को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगिन कर आवंटन-सह पुष्टिपत्र डाउनलोड करना अनिवार्य होगा। अन्यथा प्रक्रिया में असफल रहने वाले छात्रों का आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा। सोमवार को यह जानकारी प्रवेश समन्वयक बीएड प्रो अमिता बाजपेयी ने दी है। प्रवेश समन्वयक के मुताबिक उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021-23 की काउंसलिंग के प्रथम चक्र में जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हुई है वे 29 सितंबर तक अपना सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा कर सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों की आबंटित महाविद्यालय फीस रुपए 5000 रुपये से कम है उन्हें लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगिन कर आवंटन-सह पुष्टिपत्र डाउनलोड कर लेना होगा। अन्य आवंटित अभ्यर्थियों को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगिन कर शेष महाविद्यालय शुल्क राशि जमा कर अपना आवंटन-सह पुष्टिपत्र अवश्य डाउनलोड करना होगा। इस प्रक्रिया में असफल रहने पर अभ्यर्थियों का सीट आवंटन निरस्त हो जायेगा। अभ्यर्थियों को अपने आवंटन पत्र तथा मूल प्रमाण पत्रों के साथ आवंटित महाविद्यालय में 3 दिनों के अंदर संपर्क कर रिपोर्टिंग करना होगा। उन्होंने बताया कि प्रथम काउंसलिंग के द्वितीय चक्र (स्टेट रैंक 75,001 से 2,00,000 तक) हेतु पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जो 28 सितंबर तक चलेगी। इसका आवंटन परिणाम 30 सितंबर को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को चाहिए कि वे च्वाइस फिलिंग प्रक्रिया में महाविद्यालय चयन के पूर्व वेबसाइट पर उपलब्ध महाविद्यालयों की सूची से अपनी पसंद के महाविद्यालयों के कोड नोट कर लें तथा उन्हें अपनी रूचि के क्रम में अधिकाधिक संख्या में भरें जिससे वे अपनी पसंद के बीएड महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त कर सकें। साथ ही अपने विकल्प सावधानी से भरें। एक बार विकल्प लॉक हो जाने पर उनमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन संभव नहीं होगा।

### 8143 छात्रों ने की च्वाइस फिलिंग

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक प्रवेश प्रक्रिया 2021-22 के अन्तर्गत सोमवार को विविध पाठ्यक्रमों में 8143 छात्र छात्राओं ने च्वाइस फिल कर दी है। सबसे ज्यादा बीकॉम चार वर्षीय एवं बीकॉम आनर्स में 3710 अभ्यर्थियों ने च्वाइस फिल की है। इसके साथ ही बीजेएमसी में 34, बीएससी एग्रीकल्चर में 234, बीसीए में 610, एलएलबी पांच वर्षीय पाठ्यक्रम में 1634, बीएलएड में 618, बीवीए-बीएफए में 343 एवं बीबीए पाठ्यक्रम के लिए 960 अभ्यर्थी में काउंसलिंग के अन्तर्गत च्वाइस फिलिंग प्रक्रिया पूरी की गई है।

## NBT PAGE 6

### बीएड : कल तक जमा करें सीट कंफर्मेशन शुल्क

■ **एनबीटी, लखनऊ:** बीएड परीक्षा 2021-23 की काउंसलिंग के पहले चरण में जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हो चुकी है वे 29 सितंबर तक सीट कंफर्मेशन शुल्क जमा कर सकते हैं। यह जानकारी राज्य समन्वयक प्रो. अमिता वाजपेयी ने दी। उन्होंने बताया कि जिन अभ्यर्थियों की आवंटित कॉलेज फीस पांच हजार से कम है, वे एलयू की वेबसाइट पर लॉगिन कर आवंटन-सह-पुष्टिपत्र डाउनलोड करेंगे। जबकि दूसरे आवंटित अभ्यर्थियों को एलयू की वेबसाइट पर लॉगिन कर शेष महाविद्यालय शुल्क राशि जमा कर अपना आवंटन-सह-पुष्टिपत्र डाउनलोड करना होगा। ऐसा न करने पर सीट आवंटन निरस्त हो जाएगा। अभ्यर्थियों को अपने आवंटन पत्र और मूल प्रमाण-पत्रों के साथ आवंटित महाविद्यालय में 3 दिनों के भीतर संपर्क कर रिपोर्ट करना होगा।

## HINDUSTAN PAGE 6

### बीएड प्रवेश: 29 तक जमा करें सीट कंफर्मेशन शुल्क

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड 2021-23 की काउंसलिंग के प्रथम चक्र (स्टेट रैंक 1 से 75,000 तक) में जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हुई है वे 29 सितंबर तक सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा कर सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों की आवंटित महाविद्यालय फीस रुपए पांच हजार से कम है, उन्हें लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगिन कर आवंटन-सह-पुष्टिपत्र डाउनलोड करना होगा होगा। अन्य आवंटित अभ्यर्थियों को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगिन कर शेष महाविद्यालय शुल्क राशि जमा कर अपना आवंटन-सह-पुष्टिपत्र डाउनलोड करना होगा।

बीएड समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि इस प्रक्रिया में असफल अभ्यर्थियों का सीट आवंटन निरस्त हो जायेगा। अभ्यर्थियों को अपने आवंटन पत्र तथा मूल प्रमाण-पत्रों के साथ महाविद्यालय में 3 दिनों के भीतर संपर्क कर रिपोर्टिंग करना होगा। प्रथम काउंसलिंग के द्वितीय चक्र (स्टेट रैंक 75,001 से 2,00,000 तक) के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है।

### एलयू: स्नातक में 8143 ने चुने विकल्प

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक प्रवेश प्रक्रिया 2021-22 के अन्तर्गत विविध पाठ्यक्रमों में 8143 छात्र-छात्राओं ने च्वाइस फिल कर दी है। जानकारी के अनुसार सबसे ज्यादा बीकॉम चार वर्षीय एवं बीकॉम आनर्स में 3710 अभ्यर्थियों ने च्वाइस फिल की है। इसके साथ ही बीजेएससी में 34, बीएससी एग्रीकल्चर में 234, बीसीए में 610, एलएलबी पांच वर्षीय पाठ्यक्रम में 1634, बीएलएड में 618, बीवीए-बीएफए में 343 एवं बीबीए पाठ्यक्रम के लिए 960 अभ्यर्थी में काउंसलिंग के अन्तर्गत च्वाइस फिलिंग प्रक्रिया पूरी की गई है।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि में लगा वैक्सीनेशन शिविर

**लखनऊ।** लखनऊ विवि के दोनों परिसरों में सोमवार को कोविड-19 वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। मुख्य परिसर में सेवा भारती व स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शिविर लगा, जिसका उद्घाटन महापौर संयुक्ता भाटिया ने किया। कैंप में लगभग 500 शिक्षक, कर्मचारियों व उनके परिजनों, विद्यार्थियों ने कोरोना वैक्सीन लगवाई। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह, अध्यक्ष कर्मचारी परिषद राकेश यादव व पूर्व अध्यक्ष कर्मचारी परिषद रिंकू राय आदि उपस्थित थे। वहीं, द्वितीय परिसर में आईएमएस निदेशक प्रो. मनोज अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित कैंप में लगभग 600 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। (माई सिटी रिपोर्टर)

## JAGRAN CITY PAGE I

### 29 तक जमा करें फीस

**लखनऊ :** संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021-23 की काउंसिलिंग के प्रथम चरण (स्टेट रैंक 1 से 75,000 तक) में जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित हुई हैं, वे 29 सितंबर तक सीट कंफर्मेशन फीस जमा कर सकते हैं। प्रथम काउंसिलिंग के दूसरे चक्र (स्टेट रैंक 75,001 से 2,00,000 तक) के लिए पंजीकरण 28 सितंबर तक होगा। इस चरण का सीट आवंटन परिणाम 30 सितंबर को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। (जासं)

## AMRIT VICHAR PAGE 3

### बीएड : कन्फर्म सीट वाले जमा करें फीस

**लखनऊ।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021-23 की काउंसलिंग के प्रथम चक्र में जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हुई है वे 29 सितंबर तक सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा कर सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों की आवंटित महाविद्यालय फीस रुपए पांच हजार से कम है, उन्हें लविवि की वेबसाइट पर लॉगिन कर आवंटन-सह-पुष्टिपत्र डाउनलोड करना होगा होगा। अन्य आवंटित अभ्यर्थियों को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगिन कर शेष महाविद्यालय शुल्क राशि जमा कर अपना आवंटन-सह-पुष्टिपत्र डाउनलोड करना होगा। बीएड समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि इस प्रक्रिया में असफल अभ्यर्थियों का सीट आवंटन निरस्त हो जायेगा। अभ्यर्थियों को अपने आवंटन पत्र तथा मूल प्रमाण-पत्रों के साथ महाविद्यालय में 3 दिनों के भीतर संपर्क कर रिपोर्टिंग करना होगा।

## i-NEXT PAGE 6

### बीएड सीट कन्फर्मेशन फीस 29 तक जमा करें

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (27 Sept):** बीएड की काउंसलिंग के पहले फेस की रैंक 1 से 75 हजार तक के जिन कैंडीडेंट्स को सीट आवंटित हो गई है, उन्हें 29 सितंबर तक सीट कन्फर्मेशन फीस जमा करनी होगी. वहीं जिन कैंडीडेंट्स को आवंटित कॉलेज फीस पांच हजार रुपए से कम है, उन्हें लखनऊ यूनिवर्सिटी की वेबसाइट से अलॉटमेंट लेटर डाउनलोड करना होगा होगा. बाकी कैंडीडेंट्स को एलयू की वेबसाइट पर लॉगइन कर बची फीस जमा कर अपने कॉलेज का अलॉटमेंट लेटर डाउनलोड करना होगा. स्टेट बीएड कोऑर्डिनेटर प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि इस प्रक्रिया में असफल हुए कैंडीडेंट्स का सीट आवंटन निरस्त हो जाएगा. कैंडीडेंट्स को अलॉटमेंट लेटर व ओरिजनल डॉक्यूमेंट के साथ डिग्री कॉलेज में तीन दिन के अंदर संपर्क कर रिपोर्टिंग करनी होगी.

## THE PIONEER PAGE 4

### RHETORICA QUARTERLY

The department of English and Modern European Languages, University of Lucknow, launched volume-II and issue-I of its journal titled 'Rhetorica Quarterly'. Head of the department Prof Ranu Uniyal recited her own poem titled 'Betiyan kaisi hoti hain' to mark Daughters' Day. The current issue of the journal is dedicated to Prof Ashok Kumar, former head of the department.